# भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर विचार गोष्ठी सहित कई कार्यक्रम आयोजित



पाली में जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत



जोधपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**पाली**, (नि.सं.)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जन्म जयंती पाली जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में राजीव गांधी स्मृति भवन कांठोस कार्यलय में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी कर हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस दौरान सेवादल का योद्धा लगाएगा पौधा के तहत वृक्षारोपण किया गया। ततपश्चात हिन्दू सेवा मण्डल में कुष्ठ रोगियों को मीठा भोजन, फल, बिस्किट वितरण किया गया।

विचार गोष्ठी में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला ने कहा कि हमे गर्व है कि हम सभी उस पार्टी के सिपाही है जिसमें राजीव जैसे नेता हुए। देश की एकता व अखंडता के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया, आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हमारे महापुरुषों का अनुसरण कर देश व कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए एकजुटता से कार्य करे।

कांग्रेस नेता महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई ने कहा कि युवाओं के आदर्श राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे।

उन्होंने युवाओं को मताधिकार, संचार क्रांति, पंचायतीराज के सशक्तिकरण, नवोदय विद्यालय की स्थापना, बीस सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत करने जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की।

पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि राजीव गांधी ने पूरी दुनिया मे भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, सूचना व संचार क्रांति के जनक थे।

सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने कहा कि राजीव गांधी का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान, जिसको कभी भुलाया नहीं जाा सकता।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जोगाराम सोलंकी, महात्मा गांधी जीवन दर्शन सह सयोजक जीवराज बोराणा, आयोजना समिति सदस्य प्रकाश सांखला, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी ने भी सम्बोधित किया।

इस मौके पर सेवादल प्रदेश संयुक्त सचिव माणक लाल गर्ग, पार्षद आमीन अली रंगरेज, पाली शहर ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष जगदीश कुमार प्रजापत, पेमाराम चौधरी, ताराचंद टाक, दिनेश कुमार दवे, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम भाटी, लक्ष्मण कुमार कछवाहा, असगर कुरेशी, गुलाब खान सोडा, पाली देहात सेवादल अध्यक्ष फिरोज खान मोयला, रानी सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष खरताराम सालरिया, सुरेश कुमार चौहान, बाबूसिंह राजपुरोहित, पूर्व पार्षद राजू सोलंकी, गोविन्द बंजारा, मांगीलाल पंवार, भैराराम गुर्जर,धनाराम सरगरा,सुरेश कुमार मीणा, फकीर मोहम्मद घोसी, जगदीश पवार रामु सेन, अनवर अली, अरबाज खान सहित कांग्रेस एवं सेवादल पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी

**जोधपुर**, (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत व स्व. राजीव गांधी की जयंती पर आज कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने के बाद नई सड़क चौराहा के पास स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि के बाद कांग्रसजनों ने सद्भावना की शपथ ली।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस पर आज एमजीएच रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां कांग्रेस के उत्तर जिलाध्यक्ष सलीम खान और दक्षिण जिलाध्यक्ष नरेश जोशी की संयुक्त अध्यक्षता में कई कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता कहा जाता है। देश में डिजिटल क्रांति का सूत्रपात राजीव गांधी ने किया था और देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए उन्होंने अपना बलिदान भी दे दिया।

सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इसके बाद सभी कांग्रेसी नई सड़क चौराहा के पास स्थित राजीव गांधी चौक पहुंचे। यहां राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि आयोजित की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजस्थान राज्य पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह सोलंकी, शहर विधायक मनीषा पंवार, गांधी नेहरू विचार मंच और भारत रत राजीव गांधी विचार मंच के संस्थापक सत्यनारायण गौड़ सहित कई पदाधिकारियों ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सद्भावना की शपथ ली।

# गजेंद्र शेखावत ने नांदड़ी गोशाला का दौरा किया

**जोधपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि गोवंश में फैल रहे संक्रामक रोग लंपी वायरस को लेकर चिंतित हूं। मैं इसकी रोकथाम के लिए प्रयासरत हूं। दवा की कमी न हो, मैं स्वयं इसकी निगरानी कर रहा हूं। शेखावत शनिवार को जोधपुर पहुंचे। अपने निवास पर चार घंटे आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और यथासंभव निराकरण का प्रयास किया। शेखावत ने गोवंश में संक्रामक रोग लंपी के मद्देनजर नांदड़ी गोशाला का दौरा किया।

महापौर वनिता सेठ के साथ नांदड़ी गोशाला पहुंचे केन्द्रीय मंत्री शेखावत को स्थानीय निवासियों ने गोशाला के रख-रखाव और अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। समाजसेवी तरुण ने लंपी वायरस से पीड़ित गोमाता के इलाज के लिए आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध करवाई।

भाजपा जिला महामंत्री पूर्व उप महापौर देवेन्द्र सालेचा, पार्षद भवानी सिंह जोधा, योगेश व्यास, अनिल प्रजापत, सुधांशु टाक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने जोधपुर प्रवास के दौरान अनेक शोकसभाओं में शामिल हुए। मंत्री शेखावत बीजेएस में जितेन्द्र सिंह शेखावत के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। पार्षद दीपक माथुर के निवास पहुंचे और उनकी माताजी के निधन पर आयोजित शोकसभा में शामिल हुए।

## काजरी में शोध कार्यों का अवलोकन

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) में शोध कार्यों का अवलोकन किया।

काजरी निदेशक डॉ. ओपी यादव ने पुष्पगुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। डॉ. यादव ने काजरी में चल रहे शोध कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंजीर और ड्राई फ्रूट की बागवानी पर शोध कार्य किए जा रहे हैं। यदि यह प्रयोग सफल रहे तो शुष्क क्षेत्र के किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने काजरी में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भी ली। केंद्रीय मंत्री के साथ जोधपुर दक्षिण नगर निगम की महापौर वनिता सेठ, काजरी के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक आादि उपस्थित थे।

# तैयारियों की समीक्षा की

**जोधपुर**, (कासं)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शनिवार को वीसी के माध्यम से संभागीय आयुक्तों व जिला कलेक्टरों के साथ विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों की समीक्षा बैठक ली। मुख्य सचिव ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 खेलों के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कोविड टीकाकरण को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने फ्लेगशिप योजनाओं के सम्बन्ध में भी चर्चा की। कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओ पी बिश्नोई आदि वीसी में उपस्थित रहे।

# शांति व अहिंसा से प्रदेश व देश का विकास संभव : टीना डाबी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि साम्प्रदायिक सद्भावना, प्रेम व भाईचारा बनाएं रखने के लिए युवा पीढ़ी को आज के दिन संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने संचार क्रांति के क्षेत्र में जो सूत्रपात किया वह आज साकार हो रहा है एवं संचार क्रांति के क्षेत्र में उतरोतर प्रगति हो रही है।



जैसलमेर में जिला कलैक्टर टीना डाबी ने सद्भावना, शान्ति व विकास विषय पर आयोजित सेमीनार में प्रशंसा पत्र दिए। फोटो-राष्ट्रदूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर डाबी ने शनिवार को जिला कलैक्ट्रेट परिसर में स्थित डीआरडीए सभागार में जिला प्रशासन, अहिंसा प्रकोष्ठ व गांधी जीवन दर्शन समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदभावना दिवस पर 'सदभावना-शान्ति और विकास'' विषय पर आयोजित सेमीनार में सम्भागियों को सम्बोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए।

सेमीनार में पुलिस अधीक्षक भंवर सिंह नाथावत, अतिरिक्त जिला कलक्टर दाताराम, उप जिला प्रमुख डॉ. बी.के. बारूपाल, बीसूका उपाध्यक्ष व अहिंसा प्रकोष्ठ के संयोजक उम्मेद सिंह तंवर, सह संयोजक रूपचन्द सोनी, सहायक निदेशक लोक सेवाएं सांवरमल रेगर के साथ ही गांधीवादी विचारक व जिला अधिकारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

उप जिला प्रमुख डॉ. बी.के. बारूपाल ने कहा कि समाज में सद्भावना रहने से ही शांति रहती है एवं जहां शांति है वहां अहिंसा का भाव रहता है। उन्होंने कहा कि जैसलमेर जिले में सदैव ही साम्प्रदायिक सौहार्द का वातावरण रहा है एवं साम्प्रादाय का व्यक्ति प्रेम व भाईचारे के साथ रहता है।

संयोजक व बीसूका उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्रदेश में सदैव सद्भावना व शांति बनी रहे, इसके लिए शांति व अहिंसा निदेशालय का अलग से गठन किया है। जो हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमें हर समाज को शांति व प्रेम भाईचारे के साथ मिलजुल कर रहने की सीख देनी है ताकि हम समाज के साथ प्रदेश का भी उतरोतर विकास कर सके।

## न्यायिक जांच की मांग की

**जोधपुर**, (कासं)। आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन प्रेषित कर जालौर के गांव सुराणा निवासी देवाराम मेघवाल के 9 वर्षीय बेटे इंद्र कुमार मेघवाल की मौत के मामले की न्यायिक अथवा सीबीआई से जांच कराने कुछ मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि छुआछूत और जातिवाद के कारण घड़े से पानी पीने पर स्कूल के अध्यापक छैल सिंह ने पीट-पीटकर हत्या की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रोफ़ेसर राम लखन मीणा के नेतृत्व में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) राजस्थान का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल की पीड़ित परिवार के साथ हुई वार्तालाप के अनुसार हर रोज की भांति बालक इंद्र मेघवाल सुराणा के सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ने के लिए गये। स्कूल के लंच के समय मासूम बालक इंद्र मेघवाल ने अपना लंच खाकर (इंद्र के बड़े भाई नरेश के अनुसार इंद्र को तेज मिर्च लगी थी) अध्यापक छैल सिंह के लिए रखी गयी मटकी में से पानी पी लिया क्योंकि स्कूल की एकमात्र पानी की टंकी पर लंच टाइम की वजह से बहुत भीड़ थी।

मासूम बालक इंद्र मेघवाल का उनके परिवार ने सुराणा, सायला, उदयपुर और अंत में डॉक्टर्स की सलाह पर अहमदाबाद इलाज करवाया।

इलाज के दौरान बालक इंद्र कुमार की मौत हो गई।

# राजीव गांधी के कार्यों की जानकारी दी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कांग्रेस कमेटी में जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस पर सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया।

सर्वप्रथम स्व राजीव गांधी की तस्वीर पर माला पहना पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

अपने उदबोधन में जिलाध्यक्ष तंवर ने कहा की राजीव गांधी द्वारा देश को सूचना एवं प्रौद्योगिकी का तोहफा दिया गया जिससे विश्व में भारत की एक विशिष्ट पहचान बनी दक्षिण एशिया देशों में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र बना जिसने भारत ही नहीं वरन पड़ोसी देशों में भी शांति कायम करने में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सुमार खान कंधारी लखसिंह भाटी, काने खां, धनपत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम में वरिष्ट कांग्रेसी राण चौधरी, धर्मेंद्र आचार्य, कमलेश छंगाणी,अमृतलाल विश्नोई, जाकिर हुसैन, राधेश्याम कल्ला, रतनाराम, दुर्गेश आचार्य, अशोक बारासा, भरत श्रीमाली, उपेंद्र आचार्य, विजय भठड़ ललिता गर्ग, चंद्रप्रकाश पुरोहित, परबत सिंह, प्रेम भार्गव, नेमीचंद भार्गव, ललिता गर्ग, भोजी देवी, जमना देवी, निरमा, दुर्गा पंवार, रेशमाराम, धाराराम के साथ कांग्रेस कार्यकता उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रूपचंद सोनी ने किया।

## धोरीमन्ना में स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**धोरीमन्ना**, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धोरीमना के तत्वावधान में शनिवार को प्रात: 10.30 बजे स्थानीय डाक बंगला में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 78 वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक जयंती मनाई।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित कांग्रेस जनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश कुलदीप ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी भारत माता के सच्चे सपूत थे एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। उन्होंने अपनी सरकार के समय में युवाओं को 18 वर्ष का मताधिकार दिया एवं ग्रामीण विकास ग्राम स्वराज का सपना जो नेहरू और गांधी ने देखा था। उस को राजीव गांधी ने साकार करते हुए पंचायतों को मजबूती प्रदान करने के लिए सत्ता का विकेंद्रीकरण किया।

इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान इंदुबाला बिश्नोई ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया आज के युवाओं को उनके बताए हुए आदर्शों एवं पद चिन्हों पर चलते हुए देश की उन्नति और प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। पूर्व प्रधान ताजा राम चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायत राज व्यवस्था में आरक्षण को लागू करने की सोच राजीव गांधी की थी। आज हम सब ग्रामीण विकास में पंचायत राज को मजबूत मानते हैं तो इस क्षेत्र को मजबूत करने का कार्य राजीव गांधी ने किया था। आज उनके द्वारा किए गए कार्य को हमें भूलना नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के देश के प्रति दिए गए योगदान को हमें हर कदम पर हर व्यक्ति को याद दिलाना है।

इस दौरान प्रधान इंदुबाला बिश्नोई, पूर्व प्रधान ताजाराम चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश कुलदीप, उप प्रधान प्रतिनिधि जयरूप चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि महेश कडवासरा, आईटी सेल के प्रदेश संयोजक मंगलाराम तेतरवाल सहित कई लोग एवं कांग्रेस पार्टी एवं एनएसयूआई के युवा कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित रहे। स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

## बैठक कल

**जोधपुर**, (कासं)। 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक फरसाराम विश्नोई ने बताया कि महिला समानता दिवस पर कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में 22 अगस्त को बैठक आयोजित की जाएगी।

# पाली में नंदोत्सव मनाया

**पाली**,(नि.सं.)। जन्माष्टमी के दूसरे दिन गांधी मूर्ति गीता सत्संग भवन में शनिवार को हर वर्ष की भांति श्याम महिला मंडल की ओर से नंदोत्सव करके मनाया गया। महिलाओं ने पीले वस्त्र पहन राधे कृष्ण के भजन गाया।वही राधा कृष्ण नंद बाबा बने युवतियों ने भजनों पर नृत्य किया और फूलों की होली खेली। नंद गोपाल का जन्म उत्सव मनाया। किरण पारीक, उर्मिला तापड़िया ने आज नंद के घर आनंद भयो, श्याम बिन राधा अधूरी, भजन गाए। इस अवसर पर मंडल की उषा लखोटिया अंजू सिंगल संतोष तापड़िया आदि मौजूद रहे। पंजीरी व मक्खन मिश्री का प्रसाद वितरित किया।

## दानदाता गायों के लिए आगे आए

**पाली**, (नि.सं.) सेवा समिति वृद्धाश्रम द्वारा लंपी रोग से ग्रसित गायों के उपचार को लेकर उपलब्ध करवाए जा रहे दवाइयों के किट के लिए अब दानदाता आगे आकर आर्थिक सहयोग दे रहे हैं।

सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद जेथलिया ने बताया कि अहमदाबाद निवासी मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के ओमप्रकाश मंगल एवं विपिन प्रकाश मंगल अपने समधी पाली निवासी सुनील गुप्ता के पारिवारिक कार्यक्रम में पाली आए तो उन्हें जानकारी मिली कि सेवा समिति के माध्यम से पाली विधायक ज्ञानचंद पारख द्वारा बीमार गायों के दवाइयों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने विधायक पारख़ से मिलकर 5.51 लाख की राशि विधायक को भेंट की। इस अवसर पर पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा ,पूर्व पार्षद शिवप्रकाश प्रजापत, अशोक बाफना, समाजसेवी प्रेमप्रकाश धारीवाल, मानवेंद्र सिंह भाटी,नवीन चोपड़ा, सुनील गुप्ता भी मौजूद थे।

विधायक पारख ने दानदाता परिवार का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सेवा समिति अब तक दो हजार बीमार गायों को निशुल्क दवाइया उपलब्ध कराई जा चुकी है। एवम करीब तीन हजार गायों आंशिक सहयोग लेकर दवाइया उपलब्ध कराई गई है। पाली जिले से बाहर भी गौशालाओ के संचालक एवम गौ सेवक भी पाली आकर दवाइयों ले जा रहे है। सेवा समिति द्वारा वरिष्ट पशु विशेयज्ञो की सलाह पर सम्पूर्ण दवाइया प्रयाप्त मात्रा में दी जा रही है जिसके परिणाम स्वस्थ उठने में भी असमर्थ हो चुकी गाय भी एक दो दिन में ही चलने फिरने लग गई है जिसके कारण पूरे जिले में दवाईयो की मांग काफी बढ़ गई है। हर जरूरतमंद को दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी।

# अर्जुन बेनीवाल को दूसरी बार अध्यक्ष बनाया



पाली न्यू सब्जी मंडी फुटकर व्यापारी संघ के चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष अर्जुन बेनीवाल ( मध्य में ) को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली न्यू सब्जी मंडी में शनिवार को सब्जी मंडी फुटकर व्यापारी संघ के चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष अर्जुन बेनीवाल दूसरी बार अध्यक्ष बने।

अर्जुन बेनीवाल को 112 मत, हरीश भाई सिंधी को 22 मत मिले। कुल 136 वोट में से अर्जुन बेनीवाल 90 वोटों से जीते। चुनाव कार्यक्रम में परमाराम माली, दीपाराम राव, मांगीलाल, हाजी मोहम्मद, इस्लाम, जबर सिंह का सहयोग रहा। चुनाव बाद सब्जी मंडी के सदस्यों ने नए अध्यक्ष का साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोटी बैंक के अध्यक्ष आनंद कवाड ने भी स्वागत किया। सब्जी मंडी दलाल यूनियन के अध्यक्ष ढलाराम परिहार, नंदू भाई, हुक्मीचंद कीर, हेमंत बागोरिया,जीतू राव, ललित माली, अमराराम बेनीवाल, कैलाश घांची, अशोक भाई ने भी स्वागत किया।

# विश्व सिंधी सेवा संगम का कार्यक्रम 27 को



विश्व सिंधी सेवा संगम संस्थान ने 27 अगस्त को जोधपुर में होने वाले वी.एस.एस.एस. फेस्टिवल-2022 की जानकारी के लिए प्रेसवार्ता की।

**जोधपुर**, (कासं)। संपूर्ण विश्व के सिंधी समाज को एकता के सूत्र में पिरो कर उनके विकास के सोपान तय करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए विश्व सिंधी सेवा संगम संस्थान द्वारा आगामी 27 अगस्त को अमरगढ़ रिज़ॉर्ट जोधपुर में वीएसएसएस फेस्टिवल - 2022 के तहत उन प्रतिभाओं को सम्मानित जाएगा, जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में विशिष्टता हासिल करते हुए समाज का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी व श्रीचंद कृपलानी विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्व सिंधी सेवा संगम संस्थान की नेशनल यूथ चेयरपर्सन अमृता एस दुदिया ने संवाददाताओं को बताया कि अन्य समाज की तरह सिंधी समाज भी अपनी पूरी सक्रियता के साथ सामाजिक सरोकार के दायित्व निभाने के अलावा ऐसी प्रतिभाओं को समय समय पर सम्मानित करता है। 27 अगस्त को अमरगढ़ रिज़ॉर्ट में वी.एस.एस.एस के फेस्टिवल में विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने के साथ डीजे कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी व श्रीचंद कृपलानी विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्व सिंधी सेवा संगम के संस्थापक गोपाल सजनानी, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजू मनवानी, एक्टिव चेयरमैन अनूप थारवानी व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश नेभनानी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर विश्व सिंधी सेवा संगम की ओर से आयोजित फेस्टिवल में जानी - मानी डीजे तुहिना के अलावा सिंधी समाज के हास्य कलाकार दीपेश वालेचा और असीम सिधवानी भी परफॉर्म करेंगे।

दूदिया ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए राजस्थान अध्यक्ष मोना हरवानी (महिला शाखा), भरत दयानी (राजस्थान अध्यक्ष युवा शाखा), सुरभि दूदिया ( राजस्थान अध्यक्ष युवा शाखा ), दीपा थदानी, टीषा गिडवानी, सोनिया सावलानी, ममता मननानी, भूमि मेघानी, कमलेश थदानी, भावना मोटवानी, प्रिया मेंघरजानी व रीमा संगतानी व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम जुटी हुई है।

## समाज को मूल्यनिष्ठ बनाना है : गिरिधर भगत

**आबूरोड**, (निसं)। जो सेवा का कार्य कर रहा है वह प्रभु के दरबार में सबसे आगे है। ब्रह्माकुमारीज जैसी सेवा और ज्ञान कहीं नहीं मिल सकती है। यहां दिया जा रहा ज्ञान विज्ञान से भी ऊपर है। यह ज्ञान दुनिया में और कहीं नहीं दिया जा रहा है। हमें दिन-रात समाजसेवा की चिंता रहती है लेकिन यहां शिक्षा दी जाती है कि सबकुछ ईश्वर पर छोड दीजिए। हम सभी को निमित्त मात्र हैं। हमें समाजसेवा के साथ समाज को मूल्यनिष्ठ बनाने पर जोर देना होगा। तभी समाज से हम समस्याओं, परेशानियों को कम कर सकते हैं। समाज को मूल्यनिष्ठ बनाना सबसे बडी समाजसेवा है। उक्त उद्गार दिल्ली से आये संत हरिदयाल एजुकेशन सोसाइटी एंव अनाथ कल्याण समिति के संस्थापक गिरिधर प्रसाद भगत ने समाज सेवा प्रभाग की ओर से चार दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार एवं राजयोग शिविर के शुभारंभ को सम्बोधित करते हुए कही।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मनमोहिनीवन, ग्लोबल ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर में भारत सहित नेपाल से पांच सौ से अधिक समाजसेवा से जुडे समाजसेवी, संगठनों के पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के पधाधिकारी पधारे भाग ले रहे हैं। आध्यात्मिक जीवन, मूल्यनिष्ठ समाज विषय पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें स्व के लिए भी समय निकालकर सबसे पहले अपनी सेवा करना होगी। रोजाना एक घंटा मेडिटेशन के लिए जरूर निकालें। संस्थापक भगत की संस्था द्वारा छह हजार से अधिक वृद्धों की सेवा की जा रही है।